सूर्योदय - 06:38
सूर्यास्त - 05:33

अधिकतम तापमान 30.4°
न्यूनतम तापमान 16.3°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक


RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com
Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in
Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 97 गुरुग्राम (हरियाणा), रविवार, 8 नवंबर 2026 | हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित | ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 24


CHINTELS
Serenity
Chintels Group
Wishes you
Happy Diwali
Group housing/township/retail/commercial
CHINTELS
Serenity
Chintels India Pvt. Ltd.: Corporate Office: Chintels Corporate Park, Near Chintels Chowk, Sector-114, Gurugram - 122017, Haryana, (INDIA)
Licence- Licence No 50 of 2012 and 250 of 2007
RERA RAGD- R.C/REP/HARERA/GGM/307/39/2019 Dt. 24.01.2019
Registered Office: Chintels Corporate Park, Near Chintels Chowk, Sector-114, Gurugram- 122017, Haryana, (INDIA)
Sales: +91 - 9818009977 (Mobile), +91 - 124 - 7161000 (Telephone)
Email: sales@chintels.com
Website : www.chintels.con
MEMBER OF
CREDAI

सूर्योदय - 06:38
सूर्यास्त - 05:33

अधिकतम तापमान 30.4°
न्यूनतम तापमान 16.3°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com
Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in
Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 97 गुरुग्राम (हरियाणा), रविवार, 8 नवंबर 2026 | हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित | ₹ मूल्य : 01 रुपए

BSR
SINCE 1951
Bali
SWEETS & RESTAURANT
TRADITION | TASTE | TOGETHERNESS
Happy Diwali
May the Festival of Lights bring happiness, prosperity and good health to you and your family.
Mohit Khattar
Owner
Kamal Khatter
Owner
Celebrate Diwali with
our Premium Sweets, Dry Fruits & Festive Gift Hampers

सोहना व्यापारी किरयाना एसोसिएशन की तरफ से आप सभी को

दीपावली गोवर्धन पूजा भाईदूज



विश्वकर्मा पूजा व गुरुपर्व

की हार्दिक शुभकामनाएं

लायन रविन्द्र गोयल

(रब्बन अग्रवाल)

प्रधान, किरयाना व्यापारी एसोसिएशन सोहना जिला गुरुग्राम हरियाणा

गुर्जर समाज सेवा समिति सोहना की तरफ से आप सभी को

दीपावली गोवर्धन पूजा भाईदूज

विश्वकर्मा पूजा व गुरुपर्व





की हार्दिक शुभकामनाएं

कामरेड प्रताप सिंह खटाना

प्रधान

गुर्जर समाज सेवा समिति सोहना

चौधरी रोहतास रिठौजिया


वरिष्ठ नेता व समाजसेवी

सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र

उत्तम सिंह ने जिलावासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं

डीसी ने सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का किया आह्वान

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



- 8 नवंबर को सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक ही चला सकेंगे ग्रीन पटाखे

गुरुग्राम। डीसी उत्तम सिंह ने जिलावासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों, आपसी भाईचारे और सकारात्मकता का पर्व है। सभी नागरिक इस त्योहार को आपसी सद्भाव और उत्साह के साथ मनाएं तथा पर्यावरण संरक्षण और दूसरों की सुविधा का ध्यान रखते हुए सुरक्षित एवं प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का संकल्प लें। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध में अस्थायी छूट देते हुए केवल सीएसआईआर-नीरी से प्रमाणित ग्रीन पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल की अनुमति दी गई है। नागरिक दीपावली के अवसर पर 8 नवंबर को सुबह 6 से 7 बजे तथा रात 8 से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखे जला सकेंगे। इसके बाद 9 नवंबर से जिले में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध पुन: लागू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय और नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला एवं खंड स्तर पर निगरानी टीमें गठित की गई हैं। अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों तथा अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में पटाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यही प्रतिबंध शिक्षण संस्थानों के आसपास भी लागू होगा। इन निर्देशों का उद्देश्य बीमारियों से पीड़ित लोगों, बुजुर्गों, बच्चों और अन्य संवेदनशील नागरिकों को ध्वनि एवं वायु प्रदूषण से होने वाली परेशानी से बचाना है।

उन्होंने कहा कि 9 नवंबर से जिले में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध पुन: लागू हो जाएगा। साथ ही पटाखों के निर्माण, भंडारण और इस्तेमाल पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के पटाखे जब्त किए जाएंगे, लाइसेंस रद्द किए जा सकते हैं तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

पटाखों की अवैध बिक्री और वर्क फ्रॉम होम के उल्लंघन पर प्रशासन सख्त, शिकायत के लिए कंट्रोल रूम नंबर जारी

गुरुग्राम जिले में ग्रीन पटाखों की बिक्री की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद अब किसी भी स्थान पर पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित है। डीसी उत्तम सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और अवैध रूप से पटाखे बेचने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जा रही हैं। इसके अलावा, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के वर्क फ्रॉम होम संबंधी निर्देशों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर भी कार्रवाई की जा रही है। डीसी ने आमजन से अपील की है कि पटाखों की अवैध बिक्री या वर्क फ्रॉम होम के नियमों का उल्लंघन दिखाई देने पर डायल 112 अथवा जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम नंबर 9289790948 पर सूचना दें।

आज धूमधाम के साथ मनाई जाएगी दिवाली

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

- स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टर्स की छुट्टियां रद्द की, शहर में 17 स्थानों पर तैनात की दमकल की गाड़ियां
- आग से निपटने के लिए दमकल केंद्रों पर भी 24 घंटे कर्मचारी रहेंगे तैयार



गुरुग्राम। आज दिवाली का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। दिवाली पर संभावित आगजनी की घटनाओं को देखते हुए जहां स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। इमरजेंसी के सभी डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द करते हुए आठ बेड का बर्न वार्ड बनाया गया है, जिससे कि आग में झुलसने पर लोगों को समय पर इलाज मिल सके। वहीं दमकल विभाग ने भी शहर के सभी दमकल केंद्रों के अलावा 17 स्थानों पर दमकल की गाड़ियां तैनात की है। इसके अलावा 43 सौ पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही दिवाली के लिए गुरुग्राम की लाइटिंग बहुत खास दिखाई दे रही है। खासकर साइबर हब शनिवार की रात रोशनी से नहाया हुआ दिखाई दिया।

गुरुग्राम जिला में दस फायर स्टेशन हैं। इसके अलावा दिवाली के त्यौहार पर होने वाली आगजनी की घटनाओं को देखते हुए सात अतिरिक्त स्थानों पर दमकल की गाड़ियां व कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जिससे कि आगजनी की सूचना के बाद रास्ते में ज्यादा समय ना लगे और नुकसान को कम किया जा सके। जिला में दमकल की करीब 50 गाड़ियां व 200 से अधिक कर्मचारी हैं। जो दिवाली के दिन व रात को अलर्ट मोड पर रहेंगे। सभी कर्मचारियों की छुट्टी भी रद्द कर दी गई हैं। जिला में सिकंदरपुर-चक्करपुर, दौलताबाद चौक, सदर बाजार, भूतेश्वर मंदिर खांडसा रोड, बादशाहपुर, राधा स्वामी सतसंग भवन, फर्रुखनगर व बिलासपुर चौक भी गाड़ी तैनात रहेगी। इसके अलावा पटाखा गोदामों की अधिकतर को देखते हुए एक गाड़ी राधा स्वामी सतसंग भवन के पास भी तैनात की गई है। आगजनी की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां व कर्मचारी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा सकेंगे।

स्वास्थ्य विभाग व एंबुलेंस भी रहेगी तैयार

वहीं दिवाली के दिन होने वाली आगजनी जैसी घटनाओं को देखते हुए जहां स्वास्थ्य विभाग अलर्ट रहेगा। वहीं एंबुलेंस स्टाफ को भी अलर्ट पर रखने के आदेश दिए गए हैं। सभी विशेषज्ञ डाक्टर्स की ड्यूटी रहेगी और ऑनकॉल भी डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता डॉ. मनीष राठी ने दी। उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर्स की छुट्टियां रद्द कर 24 घंटे स्टेशन छोड़ने की अनुमति नहीं है। कुल आठ बेड का अलग से बर्न वार्ड बनाया गया है। वहीं इमरजेंसी में जनरल वार्ड को भी बर्न वार्ड बनाया जा सकता है।

युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर किया सुसाइड, ट्रेन से टकराने से तोड़ी दम

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम में पटौदी रोड और जटोला ज्वाड़ी सांपका रेलवे स्टेशन के नजदीक एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड कर लिया है। सूचना मिलते ही राजकीय रेलवे पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और क्षत-विक्षत शव को ट्रैक से हटाकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। ट्रेन की टक्कर इतनी भीषण थी कि मृतक का चेहरा पूरी तरह बिगड़ गया और मृतक का सिर भी फट गया। इसके अलावा युवक का बायां हाथ कोहनी से जबकि पैर घुटने से कटकर अलग हो गए। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास काफी दूर तक तलाशी ली, लेकिन काफी प्रयासों के बाद भी कटे हुए अंग मौके पर नहीं मिल पाए। जांच अधिकारी योगेश ने बताया कि मृतक की जेब से कोई भी पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिलने से पहचान नहीं हो सकी। हालांकि, मृतक के पहनावे से वह अच्छे घर का लग रहा है। मृतक ने फौजियों जैसी हरे रंग की फुल बाजू की टी-शर्ट पहनी हुई है, जिसकी बाजुओं पर सेना जैसा हरा और खाकी रंग का कमांडो प्रिंट है। जिस पर दृढता और वीरता गुदा हुआ है। उसके शरीर पर दोनों तरफ सफेद पट्टियों वाला काले रंग का रेडीमेड लोअर मिला है। जांच अधिकारी योगेश ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष है। टी-शर्ट पर लिखे इस स्लोगन के चलते पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है कि कहीं मृतक का संबंध सेना या किसी सुरक्षा बल से तो नहीं था।

एमसीजी की निर्माणाधीन साइट से चोरी मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) के निर्माणाधीन कार्यालय भवन से बिजली के तार चोरी करने के मामले में सोहना क्राइम ब्रांच ने चौथे आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए आठ बंडल कॉपर के तार और 25 हजार रुपए की नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 8 सितंबर 2026 को व्यापार सदन, सेक्टर-14 स्थित एमसीजी के निर्माणाधीन कार्यालय भवन की साइट से अज्ञात व्यक्ति द्वारा बिजली के तार चोरी कर लिए गए थे। इस संबंध में एक फर्म के पदाधिकारी ने 10 सितंबर को थाना सेक्टर-14 में शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सोहना क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए मामले में चौथे आरोपी अशोक को 4 नवंबर को दिल्ली से गिरफ्तार किया। आरोपी मूल रूप से गांव मिलिस्मा, जिला धौलपुर (राजस्थान) का निवासी है और वर्तमान में विश्वकर्मा कॉलोनी, दिल्ली में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। इस दौरान उसके कब्जे से चोरी किए गए आठ बंडल कॉपर तार और 25 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में अब तक चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामले में आगे की जांच जारी है।

एसटीएफ गुरुग्राम, एसओजी नूंह व एसओजी रोहतक की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए बांग्लादेशी 14 नागरिक

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक एटीएस वरुण सिंगला के नेतृत्व में एंटी टेररिस्ट स्क्वाड गुरुग्राम की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारत में अवैध रूप से रह रहे 14 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचनाओं एवं गहन जांच-पड़ताल के आधार पर एटीएस गुरुग्राम, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) नूंह, एसओजी रोहतक व एटीएस के अन्य कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा की गई है। जांच के दौरान हिरासत में लिए गए सभी 14 व्यक्तियों के पास से बांग्लादेश से संबंधित पहचान पत्र एवं अन्य दस्तावेज होने की जानकारी सामने आई। प्रारंभिक जांच में इनके पास भारत में रहने के लिए वैध वीजा, पासपोर्ट अथवा अन्य आवश्यक अनुमति नहीं पाई गई। हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की पहचान मोहम्मद लुतफोर रहमान (17 वर्ष), मोहम्मद राजू मियां (20 वर्ष), साकिब हुसैन (18 वर्ष), मोहम्मद तारेकुल इस्लाम (17 वर्ष), इलियास अली (18 वर्ष), मोहम्मद फेरुज इस्लाम (19 वर्ष), मोहम्मद अनारुल हक (30 वर्ष), साकिब राणा (19 वर्ष), गुलाम रब्बानी (23 वर्ष), मोहम्मद ज्वेल राणा (20 वर्ष), अनवर हुसैन (37 वर्ष), आरिफुल उर्फ अलाउद्दीन (22 वर्ष), मोहम्मद मसूद राणा (27 वर्ष) तथा राजू आलम (28 वर्ष) के रूप में हुई है। ये सभी बांग्लादेश के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी हैं। एटीएस की टीम ने सभी 14 बांग्लादेशी नागरिकों को डिटेंशन सेंटर, मानेसर भेज दिया है। गुरुग्राम एटीएस द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान एवं उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का अभियान निरंतर जारी है।



सांस्कृतिक मंच सोहना की तरफ से आप सभी को

दीपावली गोवर्धन पूजा भाई दूज

विश्वकर्मा पूजा व गुरुपर्व

की हार्दिक शुभकामनाएं



सेहतास जैन

अध्यक्ष सांस्कृतिक मंच सोहना

पूर्व नगर पार्षद सोहना नगरपालिका परिषद

कार्यालयः- शहीद भगत सिंह फौव्वारा चौक सोहना

हमारी तरफ से आप सभी को

दीपावली गोवर्धन पूजा भाई दूज विश्वकर्मा पूजा



व गुरुपर्व

की हार्दिक शुभकामनाएं



श्री प्रकाश

PLY BORD AND HARDWARE STORE

REAL ESTATE AND DEVELOPERS

लायन गौरव सिंगला

लायंस क्लब सोहना सिटी

मेंबरशिप चेयरमैन

उप-प्रधान अग्रवाल सभा, सोहना



GBB

GAURAV BARTAN BHANDAR

AND HOME APPLIANCES

हमारी तरफ से आप सभी को

दीपावली गोवर्धन पूजा भाईदूज

विश्वकर्मा पूजा व गुरुपर्व

की हार्दिक शुभकामनाएं



विशेषता:-

- अरावली हेयर आयल बाल झड़ने से करें बचाव और अरावली गुलाब शरबत का उपयोग कर सदैव रहे तरोताजा।
- राष्ट्रहित में स्वदेशी को बढ़ावा देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को साकार बनाने में योगदान दें।
- सदैव अरावली हेयर आयल व अरावली गुलाब शर्बत इस्तेमाल करें।





डाक्टर अंकित
(MBBS)



देवेंद्र एडवोकेट
(BBA.LLB.LLM)

डाक्टर सतीश जुनेजा
डायरेक्टर अरावली ड्रग्स कंपनी



आप सभी प्रदेशवासियों को

दीपावली गोवर्धन पूजा भाईदूज विश्वकर्मा पूजा

व गुरुपर्व

की हार्दिक शुभकामनाएं



सतीश गर्ग
पूर्व अध्यक्ष श्री अग्रवाल सभा सोहना
संरक्षक श्री हनुमान बगीची सुरक्षा समिति
चैयरमेन शिक्षा समिति सोहना



दीपक गर्ग
भाजपा नेता
अध्यक्ष हिन्दू कम्युनिटी महासभा
उपाध्यक्ष सांस्कृतिक मंच

गुरुग्राम में किराएदार मजदूर ने पुलिसकर्मी की पोती का अपहरण कर मुंबई में रखा, डेढ महीने बाद गिरफ्तार, बच्ची बरामद

पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने आरोपी को दबोचा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम में एक किराएदार द्वारा पुलिसकर्मी की 11 वर्षीय पोती को किडनैप करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर बच्ची को बरामद कर लिया है। आरोपी शिकायतकर्ता के मकान में ही कमरे में किराए पर रहता था। आरोपी बच्ची को अपने साथ नवी मुंबई ले गया था। जहां उसे करीब डेढ़ महीने तक किडनैप करके रखा। पुलिस आरोपी की तब से ही तलाश में जुटी थी। गत 5 नवंबर को हरियाणा पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने आरोपी को दबोचकर बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया।

आरोप है कि बच्ची को अगवा करने के बाद उसके साथ यौन उत्पीड़न किया और मारपीट भी की गई। बच्ची के शरीर पर चोटों के कई निशान मिले हैं। बच्ची ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसे परिवार से दूर ले गया था। वहां उसे लगातार प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने बच्ची के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया गया है।

आरोपी करीब 35 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर है। वह तीन-चार महीने पहले बच्ची के घर किराए पर रहने आया था। इसके बदले वह बच्ची के पिता को हर महीने एक हजार रुपए किराया देता था। आरोपी ने कुछ ही समय में बच्ची के पिता से जान-पहचान बनाई और उसने बच्ची का भरोसा भी जीत लिया। करीब डेढ़ महीने पहले आरोपी बच्ची को अपने साथ लेकर चला गया। आरोपी बच्ची को लेकर नवी मुंबई पहुंचा। वहां उसने एक रेस्टोरेंट में काम करना शुरू कर दिया। वह स्थानीय लोगों को बच्ची का परिचय अपनी बेटी के रूप में देता था।

पुलिस ने ट्रेस कर दबोचा

बच्ची ने नवी मुंबई से पुलिस हेल्पलाइन पर कॉल कर मदद मांगने की भी कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो पाई। बाद में पुलिस ने ट्रैस कर आरोपी को गिरफ्तार किया। बच्ची के बरामद होने के बाद उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। उसके शरीर पर चोटों के कई निशान मिले हैं।

बच्ची ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे परिवार से दूर रखकर प्रताड़ित किया और उस पर हमला किया था। इसके बाद पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट और बच्ची के बयान के आधार पर केस में नई धाराएं जोड़ीं। शुरुआत में गुरुग्राम के बजघेड़ा थाने में बच्ची के अपहरण की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। बच्ची की बरामदगी, मेडिकल जांच और न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज होने के बाद पुलिस ने पॉक्सो एक्स की भी धाराएं जोड़ीं।

त्योहार पर घर जाने के लिए वीकेंड पर रात 11 बजे के बाद भी दिल्ली के लिए मेट्रो स्टेशनों पर उमड़ी भीड़

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम में वर्किंग डे के अंतिम दिन दिल्ली की तरफ जाने वाले यात्रियों की भीड़ गुरुग्राम के मेट्रो स्टेशनों पर देखी गई। शुक्रवार रात 11 बजे के बाद भी आखिरी मेट्रो तक स्टेशनों के बाहर लोगों की भीड़ लगी रही। गुरुग्राम में पड़ने वाले मिलेनियम सिटी सेंटर, इफको चौक, एमजी रोड, सिकंदरपुर, द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों की इस कदर भारी भीड़ रही। वहीं शनिवार शाम को भी डीएमआरसी को कई बार गेट बंद तक करने पड़े।

दरअसल कॉरपोरेट ऑफिसों में काम करने वाले कर्मचारी वीकेंड की छुट्टी के चलते शुक्रवार शाम को एक साथ अपने घरों के लिए निकले। ऊपर से दीवाली व छठ पूजा के लिए अपने पैतृक घर जाने वालों की भारी भीड़ भी इसी समय स्टेशनों पर पहुंच गई। उत्तर प्रदेश, बिहार और अन्य राज्यों में अपने परिवारों के साथ त्योहार मनाने के लिए निकलने वाले प्रवासियों का यह सैलाब सीधे मेट्रो स्टेशनों पर उमड़ पड़ा, जिससे स्थिति पूरी तरह बेकाबू हो गई। इसके अलावा शनिवार शाम को राजीव चौक व इफको चौक पर बसों के यात्रियों की भी काफी भीड़ रही।

देर रात तक लगी रहीं लंबी लाइनें: स्टेशन परिसर के अंदर सुरक्षा जांच के लिए लगी कतारें इतनी लंबी हो चुकी थीं कि वे स्टेशन के प्रवेश द्वारों से बाहर निकलकर मुख्य सड़कों तक पहुंच गईं। सभी स्टेशनों पर देर रात तक यात्रियों की लंबी लाइनें लगी रहीं। भीड़ की वजह से टोकन काउंटरों और ऑटोमेटेड फेयर कलेक्शन गेट्स पर भारी अफरा-तफरी का माहौल देखा गया।

यात्रियों ने की शिकायत

यात्रियों ने शिकायत की कि दीवाली और वीकेंड के इस संयोजन को देखते हुए ट्रेनों के फेरे पहले ही बढ़ाए जाने चाहिए थे और अतिरिक्त सुरक्षा काउंटर खोले जाने चाहिए थे। भीड़ को देखते हुए हालांकि बाद में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गए और लाउडस्पीकर के जरिए लगातार घोषणाएं कर यात्रियों से शांति बनाए रखने की अपील की गई, लेकिन तब तक हजारों यात्री घंटों कतारों में फंसे रहे।

कैंसर से समय रहते बचाव संभव : डाक्टर राशिद खान

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। यहां पर शनिवार को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में शहर में गांव सांपकीनंगली मोड स्थित लाइफ केयर स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लाइफ केयर स्वास्थ्य केन्द्र निर्देशक डाक्टर राशिद खान ने उपस्थितों के साथ-साथ आम जनमानस को कैंसर रोग के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि कैंसर रोग शरीर में कही भी और किसी भी उम्र में हो सकता है। ज्यादातर यह रोग गले, फेफड़े, मुंह, महिला के स्तनों व बच्चादानी में होता है। अगर समय से रोग का निदान कर लिया जाए तो इसका उपचार संभव है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व तक कैंसर को असाध्य रोग माना जाता था। अब इसका ना केवल इलाज संभव है बल्कि अनेकों कैंसर पीड़ित रोगियों ने इस रोग से लड़ते हुए उस पर जीत भी हासिल कर अन्य कैंसर पीड़ित रोगियों के लिए मिसाल कायम कर जीवन जीने की उमंग जगाई है। लाइफ केयर स्वास्थ्य केन्द्र निर्देशक डाक्टर राशिद खान ने हार्ट और कैंसर से बचाव के लिए प्रत्येक मनुष्य को अपने लाइफ स्टाइल में बदलाव ला प्रतिदिन नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करने, अपने वजन पर संतुलन रखने, वसायुक्त भोजन से परहेज करने, ताजी हरी सब्जियों, फलों का सेवन करने, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब, मदिरापान, प्रदूषण, दूषित, बासे खाद्य पदार्थों से दूर रहने जैसे परामर्श दिया।

सभी नागरिकों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं : सुरेश यादव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज




गुरुग्राम। वरिष्ठ भाजपा नेता और भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यादव ने दीपावली के पावन अवसर पर समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र और समाज के सुख, शांति, स्वास्थ्य एवं समृद्धि की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि दीपावली भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक आस्था और हमारी समृद्ध परंपराओं का ऐसा पावन पर्व है, जो प्रत्येक व्यक्ति को अंधकार से प्रकाश की ओर, निराशा से आशा की ओर तथा असत्य से सत्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। सुरेश यादव ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और उत्सव मनाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह जीवन में सकारात्मकता, सद्भाव, प्रेम और सेवा भावना को आत्मसात करने का अवसर भी है। माता महालक्ष्मी के पूजन एवं आराधना का यह पावन पर्व हमें सुख, शांति और समृद्धि के साथ-साथ अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करने का संदेश देता है। सुरेश यादव ने सभी नागरिकों से निवेदन किया कि माता महालक्ष्मी के पूजन के इस पवित्र पर्व को पटाखा रहित, शांतिपूर्ण और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाएं। दीपावली की वास्तविक खुशी दूसरों के जीवन में खुशियों का दीप जलाने, जरूरतमंदों की सहायता करने और समाज में प्रेम एवं भाईचारे की भावना को मजबूत बनाने में निहित है। सुरेश यादव ने कहा कि पटाखों से होने वाला ध्वनि एवं वायु प्रदूषण न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि बुजुर्गों, छोटे बच्चों, बीमार व्यक्तियों और पशु-पक्षियों के लिए भी परेशानी का कारण बनता है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए दीपावली को पटाखा रहित मनाने का संकल्प लें। उन्होंने विशेष रूप से अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए प्रेरित करें। दीपों की रोशनी, परिवार का स्नेह, जरूरतमंदों की सेवा और आपसी भाईचारा ही इस पर्व की वास्तविक सुंदरता है। उन्होंने कामना की कि दीपावली का यह पावन पर्व प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, स्वास्थ्य, खुशहाली और नई ऊर्जा का संचार करे तथा देश निरंतर उन्नति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ता रहे।

श्मशान घाट पर कहासुनी के बाद घर पर की थी फायरिंग, एक आरोपी गिरफ्तार



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। भोंडसी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी बाजिदपुर में आपसी कहासुनी के बाद एक परिवार पर जानलेवा हमला करने और घर पर फायरिंग करने के मामले में गुरुग्राम पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक रिवाल्वर भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 20 अक्टूबर को शिकायतकर्ता की ताई का निधन हो गया था। परिवार के सदस्य अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचे थे। इसी दौरान वहां कुछ व्यक्तियों से शिकायतकर्ता के भाई की कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के बाद आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उसी दिन शाम करीब छह बजे आरोपी अपने 2-3 साथियों के साथ गांव गढ़ी बाजिदपुर स्थित शिकायतकर्ता के घर पहुंचे और गोलियां चलाकर जानलेवा हमला किया। इस दौरान घर की दीवारों और खिड़कियों पर भी गोलियां चलाई गईं। शिकायत के आधार पर थाना भोंडसी में मामला दर्ज किया गया। अपराध शाखा सेक्टर-17 की टीम ने कार्रवाई करते हुए 6 नवंबर को पटौदी रोड फ्लाईओवर के नजदीक से आरोपी जयवीर (32) निवासी गांव खेड़ला, गुरुग्राम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि श्मशान घाट पर आरोपी और उसके साथी नशा कर रहे थे। शिकायतकर्ता पक्ष द्वारा उन्हें वहां से जाने के लिए कहने पर विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद आरोपियों ने फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ हत्या, मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में पहले से चार मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से एक रिवाल्वर बरामद की है। मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका और वारदात से जुड़े तथ्यों की जांच जारी है।




हमारी तरफ से आप सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली
गोवर्धन पूजा
भाई दूज
विश्वकर्मा डे
एवं
छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज बंधवाड़ी
वरिष्ठ नेता युवा कांग्रेस, सोहना विधानसभा क्षेत्र


जननायक जनता पार्टी की तरफ से आप सभी को
दीपावली
गोवर्धन पूजा
भाई दूज
विश्वकर्मा डे
छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं
चुनाव चिन्ह
चाबी
चुनाव चिन्ह
चाबी
दुष्यंत चौटाला
पूर्व उपमुख्यमंत्री
हरियाणा सरकार
नगेन्द्र डागर
प्रदेश उपाध्यक्ष
युवा जजपा हरियाणा
दिग्विजय चौटाला
प्रदेश अध्यक्ष
युवा जजपा हरियाणा

देश हमें देता है सबकुछ - हम भी तो कुछ देना सीखें



हमारी तरफ से आप सभी को

दीपावली गोवर्धन पूजा भाईदूज

विश्वकर्मा पूजा व गुरुपर्व

की हार्दिक शुभकामनाएं



ब्रह्मानंद जांगिड
समाजसेवी



प्रवीण डागर
चेयरमैन
देवांशी रियलटेक नियर सैंट्रल पार्क धुनेला - सोहना समीप सिग्नेचर इनफिनिटी



पंडित भगवत दयाल शर्मा
समाजसेवी
वार्ड - 5
शहर सोहना

एशियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय की तरफ से आप सभी को

दीपावली गोवर्धन पूजा भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं

विश्वकर्मा पूजा व गुरुपर्व



हमारे प्रेरणास्त्रोत
स्वर्गीय रामकुमार लोहिया

ASIAN PUBLIC SCHOOL
Since 2002



हमारी भारत माता



भारती लोहिया
निर्देशक



सोहना शहर का पढ़ाई में नंबर 1 स्कूल



सचिन लोहिया
चेयरमैन विद्यालय प्रबंधन समिति

एशियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय दोहला रोड सोहना/जेल रोड
मारुती कुंज, एल्डेको एकोलेड सेक्टर-2 सोहना
PHONE : 8059607877, 8059567577
website:-www.aps-school.in



आप सभी क्षेत्रवासियों को

दीपावली

गोवर्धन पूजा भाईदूज

विश्वकर्मा पूजा व गुरुपर्व

की हार्दिक शुभकामनाएं



जगदीश अम्बावता (जग्गी)

BJP

प्रभारी दमदमा मंडल
जिला उपाध्यक्ष गुरुग्राम महानगर
प्रदेश अध्यक्ष इंटरनेशनल गुर्जर महासभा

एशियन पब्लिक स्कूल, सोहना की तरफ से आप सभी को

दीपावली गोवर्धन पूजा भाई दूज छठ पूजा

की हार्दिक शुभकामनाएं



हमारे प्रेरणा स्रोत
स्वर्गीय श्री रामकुमार लोहिया

KNOWLEDGE FROM INNOCENCE
ASIAN PUBLIC SCHOOL
To



सरस्वती माता
विद्या की देवी, ज्ञान की ज्योति





कपिल लोहिया
प्रबंधक निर्देशक




श्रीमति शैली लोहिया
निर्देशिका

एशियन पब्लिक स्कूल श्री गुरुद्वारा रोड, वार्ड नं. 20, शहर सोहना
संपर्क सूत्र :- 9812868516


हमारी तरफ से आप सभी को
दीपावली
गोवर्धन पूजा
भाई दूज
विश्वकर्मा पूजा व गुरुपर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
जितेंद्र मित्तल (सोनू)
पूर्व प्रधान किरयाना व्यापार मंडल और भाजपा व्यापार मंडल
संयोजक सोहना तथा समस्त व्यापारी समाज सोहना


हमारी तरफ से आप सभी को
दीपावली
गोवर्धन पूजा
भाई दूज
चौधरी बदलूराम सैनी
विश्वकर्मा पूजा व गुरुपर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मुकेश कुमार सैनी
सुनीता सैनी
सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन, सोहना
जिला कार्यकारिणी सदस्य
पूर्व नगर पार्षद सोहना
उपाध्यक्ष चोबीसी पाल सैनी सभा
धर्मपत्नी मुकेश सैनी


आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
गोवर्धन पूजा
भाई दूज
विश्वकर्मा डे
छठ पूजा
की हार्दिक
शुभकामनाएं
नीरज सिंगला
पार्षद नगर परिषद सोहना
भावी चेयरमैन उम्मीदवार नगर परिषद सोहना
BJP


चावला मिष्ठान भंडार सोहना
की ओर से आप सभी को
दीपावली
गोवर्धन पूजा
भाई दूज
एवं विश्वकर्मा पूजा की
हार्दिक शुभकामनाएं
निखिल चावला
जितिन चावला
Shop No 7, Devilal Stadium, Sohna, Gurgaon


सभी क्षेत्र वासियों को
धनतेरस
दीपावली
भैया दूज और गोवर्धन
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
Happy Diwali
लाला यादराम गर्ग मेवाती भट्टा वाले
हल्का पुन्हाना
सभी क्षेत्र वासियों को
धनतेरस
दीपावली
भैया दूज और गोवर्धन
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
संजीव गर्ग
वाईस चेयरमैन मार्किट कमेटी पुन्हाना
सभी क्षेत्र वासियों को
धनतेरस
दीपावली
भैया दूज व गोवर्धन
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
इरशाद चेयरमैन
पंचायत समिति पुन्हाना

आप सभी देशवासियों को

दीपावली

गोवर्धन पूजा

भाई दूज

छठ पूजा

विश्वकर्मा पूजा

व

गुरुपर्व



की हार्दिक


शुभकामनाएं

बीर सिंह राणा (बीरू सरपंच) सामाजिक न्याय संगठन


E 6 NEW PALAM VIHAR BAJGHERA CHOWK

9718137171


आप सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली
गोवर्धन पूजा
भाईदूज
छठ पूजा
विश्वकर्मा पूजा
व
गुरुपर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रिशी राज राणा जी
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, जननायक जनता पार्टी
श्री राम अवतार राणा जी
पार्षद, वार्ड संख्या 5, नगर निगम गुरुग्राम


आप सभी नगरवासियों को
धनतेरस
दीपावली
एवं
भैयादूज
की
आप सभी को बहुत-बहुत
मुबारक
एवं शुभकामनाएं।
सतीश राय पुनानी
अध्यक्ष,
साई पालकी मंदिर ट्रस्ट,
नीलोखेड़ी



आप सभी को
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
डॉ. राजेश वैध वाल्मीकि जिला अध्यक्ष
करनाल कांग्रेस,पूर्व सदस्य हरियाणा लोक सेवा आयोग



आप सभी को
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
प्रदीप मैहता (पत्रकार)
ब्यूरो चीफ करनाल
हरियाणा पब्लिक न्यूज, एवं ओपन सर्च हिन्दी न्यूज पेपर

आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
कांग्रेस नेता सरदार
इंदरजीत गोराया

SDMN VIDYA MANDIR
NILOKHERI
Wishes you and your family a very
Happy
Diwali
May the Festival of Lights
bring happiness,
prosperity and peace
in everyone's life.
Let the light of knowledge
remove darkness and spread positivity.
With warm wishes,
SDMN VIDYA MANDIR, NILOKHERI


AYAAN
INTERNATIONAL
SCHOOL
की ओर से आप सभी को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ


दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएँ
आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आएं।


दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएँ
आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए।

सभी हल्का वासियों को
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
शमशेर सिंह गोगी
पूर्व विधायक हल्का असंध

सभी नीलोखेड़ी हल्का वासियों को
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
पूर्व विधायक
धर्मपाल गोंदर

सभी हल्का वासियों को
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
INLD
डॉ मुकेश ग्रोवर बरानीवाला
पूर्व प्रत्याशी विधानसभा नीलोखेड़ी
9813248000

मोदी सरकार का कार्यकाल अपार उपलब्धियों भरा : केन्द्रीयमंत्री कृष्णपाल गुर्जर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन ने शनिवार को केन्द्रीयमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और उत्तरप्रदेश के अमरोहा संसदीय क्षेत्र से मौजूदा सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर से भेंट कर उन्हे दीवाली, श्री गौवर्धन पूजा, श्री विश्वकर्मा जयंती, भाईदूज, गंगास्नान, गुरू नानक देव प्रकाश आदि पर्वों की बधाई दी और बुक्के देते हुए मिठाई खिलाई। इस अवसर पर सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष जगमेन्द्र गुप्ता और महासचिव अभिमन्यु बोकन भी उनके साथ विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर केन्द्रीयमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार का कार्यकाल अपार उपलब्धियों से भरा है। अहम बात यह है कि विपक्ष लाख प्रयासों के बावजूद केन्द्र सरकार के कार्यकाल में एक भी ऐसा आरोप नही लगा पाया है, जिससे भाजपा सरकार की छवि धूमिल हो। भ्रष्टाचार पर तेजी से रोक लगी है। केन्द्रीयमंत्री कृष्णपाल गुर्जर आज अपने से मिलने आए लोगों और जनप्रतिनिधियों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोल रहे थे। इस मौके पर शिक्षाविद और विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन ने कहा कि देश में मोदी सरकार और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार सभी हलकों में बिना कोई भेदभाव बरते



विकास को बढ़ावा दे रही है। जो हलके विकास के मामले में बहुत ही पिछड़े है, उन्हे ज्यादा तरजीह दी जा रही है। शिक्षाविद और विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जमकर प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री की तुलना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश को और मोदी देश को एक नई सोच और नई दिशा देने का काम कर रहे है। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए, उतना कम है। दोनों सरकारें अच्छा काम कर रही है जबकि पहले कांग्रेस के राज में शायद ही कोई दिन ऐसा खाली जाता था, जब कांग्रेस शासित केन्द्र और प्रदेश सरकार के किसी तरह के आरोप ना लगे हो। शिक्षाविद और विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन ने लोगों से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना को कामयाब बनाने के लिए अपना भरपूर सहयोग देने और शिक्षा को बढ़ावा देने का आग्रह करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता और शिक्षा को बढ़ावा दे, पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं भी 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान में पूरी सहभागिता निभाए तो समाज में एक नई क्रांति आ सकती है।

कैंसर से समय रहते बचाव संभव- जागरूकता जरूरी : डाक्टर प्रवीण यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर शनिवार को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय खेलस्टेडियम के सामने स्थित वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर में कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने इस मौके पर उपस्थितों के साथ-साथ आम जनमानस को कैंसर रोग के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि कैंसर रोग शरीर में कही भी और किसी भी उम्र में हो सकता है। ज्यादातर यह रोग गले, फेफड़े, मुंह, महिला के स्तनों व बच्चादानी में होता है। अगर समय से रोग का निदान कर लिया जाए तो इसका उपचार संभव है। उन्होने कहा कि कुछ समय पूर्व तक कैंसर को असाध्य रोग माना जाता था। अब इसका ना केवल इलाज संभव है बल्कि अनेकों कैंसर पीड़ित रोगियों ने इस रोग से लड़ते हुए उस पर जीत भी हासिल कर अन्य कैंसर



पीड़ित रोगियों के लिए मिसाल कायम कर जीवन जीने की उमंग जगाई है। वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव, डाक्टर निशेंदु यादव, हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर हेमंत गांधी, डाक्टर सिंहराज चौधरी ने हार्ट और कैंसर से बचाव के लिए प्रत्येक मनुष्य को अपने लाइफ स्टाइल में बदलाव ला प्रतिदिन नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करने, अपने वजन पर संतुलन रखने, वसायुक्त भोजन से परहेज करने, ताजी हरी सब्जियों, फलों का सेवन करने, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब, मदिरापान, प्रदूषण, दूषित, बासे खाद्य पदार्थों से दूर रहने जैसे परामर्श देते हुए कहा कि आज की भागदौड़ और आपाधापी युक्त तनाव भरी दिनचर्या को अनुशासित रखने, शाकाहारी भोजन के साथ यदि प्राकृतिक खान-पान को अपनाया जाए तो कैंसर से काफी हद तक बचाव संभव है। वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव, डाक्टर निशेंदु यादव, हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर हेमंत गांधी, डाक्टर सिंहराज चौधरी, प्रमोद पांडे आदि ने बताया कि व्यक्ति को लंबी आयु जीने व निरोगी रहने के लिए फास्ट फूड़ व शराब से दूर रह खानपान में फल व हरी सब्जियों का भरपूर प्रयोग करना चाहिए। शराब व मांस के सेवन से परहेज करना चाहिए। समय-समय पर चिकित्सकों से अपनी शारीरिक जांच करवाते रहे। इस अवसर पर नगरपार्षद वेदकला शर्मा, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष देवदत्त शर्मा एडवोकेट, गांव सिरसका से कर्मपाल बोकन, अग्रवाल युवा नेता सैंकी सिंगला आदि प्रमुख लोगों के साथ-साथ वरदान अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों व स्टाफ नर्स और सभी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

दीपावली पर इस बार एक दीया नशा विरोधी जंग के नाम पर जलाए : भाजपा नेता पंकज सिंगला

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व स्थानीय नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने जेन जी उल्फा यानी युवाओं से आग्रह किया है कि सर्व समाज के युवा दीपों के त्यौहार दीवाली पर समाज में चेतना पैदा करने और नशे के खिलाफ आम जनमानस को जागरूक बनाने के लिए अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों, चौक-चौराहों पर सामूहिक रूप से एक-एक दीया नशा विरोधी जंग के नाम पर जरूर जलाए। उन्होने बताया कि एक समय था, जब कुम्हारों के बनाए गए मिटटी के छोटे दीयें हर घर-आंगन, खेत-खलिहान, दुकानों-प्रतिष्ठानों की दहलीज पर सरसो या तिल के तेल से रोशन होते थे। धीरे-धीरे मोमबत्तियों का दौर आया। फिर बिजली के रंग-बिरंगे छोटे बल्बों वाली लडिय़ों ने उनकी जगह ले ली और आज के तकनीकी युग में



एलईडी लाइटों, लेजर शो तथा आधुनिक प्रोजेक्टों के माध्यम से त्यौहारों पर घर और विशाल इमारतों को रोशनी से जगमग किया जा रहा है। भाजपा नेता पंकज सिंगला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फोर लोकल तथा स्वदेशी को बढ़ावा देने के आहवान से कार्तिक माह में अमावस्या की अंधेरी रात पर बने अंधेरे को दूर करने के लिए दीवाली का त्यौहार इस बार कुम्हारों के हाथों बनाए गए दीयों से जगमग नजर आ रहा है। उन्होने कहा कि दीपक की छोटी लेकिन अडिग लौ यह साबित करती है कि अंधकार चाहे कितना भी गहरा और व्यापक क्या ना हो, वह प्रकाश की एक छोटी सी किरण का सामना नही कर सकता। उन्होने कहा कि हरि की भूमि हरियाणा और भोले शिवशंकर की पावन नगरी शिवनगरी सोहना व ब्रजभूमि कहलाने वाले मेवात को आज नशे के काले अंधकार ने चारों ओर से घेर लिया है। हालात यह है कि आज पंजाब के साथ-साथ हरि की भूमि हरियाणा में भी इस पवित्र धरती को नशे के काले अंधकार से मुक्त कराने और सिंथेटिक ड्रग्स, केमिकल नशों और दवाईयों के दुरूपयोग के जहरीले प्रभाव से सैकड़ों घरों के चिराग बुझ गए। फिर भी नशे का कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम खुद जागरूक बनकर नशे के खिलाफ औरों को भी जागरूक बनाए और इस बार दीपावली पर हर व्यक्ति विशेषकर युवा एक-एक दीया नशे के खिलाफ जलाकर नशा विरोधी जंग में खुद सिपाही बनकर नशे के खिलाफ जिहाद चलाने का संकल्प इस दीवाली पर ले।

भाजपा-कांग्रेस दोनों जेन जी उल्फा हितों के खिलाफ : इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। इनेलो के जिलाप्रधान व जिलापरिषद के पूर्व सदस्य चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी शनिवार को इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला से मिले और इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला को सोहना विधानसभा क्षेत्र और समूचे जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं की तरफ से बुक्के देने के साथ-साथ मिठाई खिलाकर दीवाली, श्री गौवर्धन पूजा, श्री विश्वकर्मा जयंती, भाईदूज, गंगास्नान, गुरू नानक देव प्रकाश आदि पर्वों की बधाई दी तो वही इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला ने इनेलो जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी की पीठ थपथपाई और कहा कि प्रदेश में इनेलो का ग्राफ दिनोंदिन तेजी से बढ़ रहा है। भाजपा, कांग्रेस, जजपा जैसी पार्टियों का जनाधार तेजी



से घट रहा है। साथ ही उन्होने भाजपा व कांग्रेस पर युवाओं विशेषकर जेन जी पीढ़ी की अनदेखी करने का आरोप लगाया और कहा कि दोनों ही दल अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए बेरोजगारी, पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली जैसे बुनियादी मुददों से जनता का ध्यान भटका रहे है। कांग्रेस वोट चोरी का मुददा उठा रही है तो भाजपा अराजकता व कानून व्यवस्था को लेकर अभियान चला रही है। इन दोनों ही दलों ने युवाओं को भ्रमित करने के लिए उपरोक्त मुददों को राजनीतिक बहस से ही बाहर कर दिया है जबकि आज प्रदेश में तेजी से बढ़ रही बेरोजगारी, नशे का प्रचलन, बिगड़ रही कानून व्यवस्था, बढ़ रहे अपराध, महंगाई और सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार प्रदेश की प्रमुख समस्याएं है। किसान खाद और गुणवत्तापूर्ण बीजों की कमी के साथ-साथ फसलों का सही मूल्य ना मिलने से परेशान है। इस मौके पर बोलते हुए इनेलो के जिलाप्रधान व जिलापरिषद के पूर्व सदस्य चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने कहा कि आज सोहना हलका व जिले में कदम-कदम पर समस्याओं के अंबार है। सोहना शहर में सरकारी कॉलेज नही है तो शहर में बने ताऊ देवीलाल खेलस्टेडियम की दुर्दशा किसी से छुपी नही है। सरकार सोहना में उद्योग लाने की बजाय सोहना को कूड़ाघर में तब्दील करने जा रही है। जिसका इनेलो डटकर विरोध करेगी।

सोहना में बढ़े कैंसर-टीबी के मरीज-सरकारी अस्पताल में नहीं हो रहा कैंसर का इलाज : कांग्रेस नेता राजीव यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व वार्ड-चार से पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव का कहना है कि प्रदेश के भीतर स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक रोगी को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावें कर रहा है। एनसीआर से जुड़े और साइबरसिटी गुरूग्राम से सटा और मेवात जनपद का प्रवेश द्वार कहलाने वाला शिवनगरी सोहना स्थित उपमंडलस्तरीय सरकारी अस्पताल आज भी स्वास्थ्य विभाग हरियाणा की अनदेखी का शिकार है। समाजसेवी व वार्ड-चार से पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव का मानना है कि सोहना में टीबी और कैंसर के रोगियों की तादाद दिनोंदिन बढ़ रही है लेकिन यहां पर सरकारी अस्पताल में कैंसर रोग विशेषज्ञ डाक्टर तो आज तक लगाया ही नही गया। उन्होने बताया कि धरातल पर सच्चाई यह है कि टीबी और कैंसर से पीड़ित ना जाने कितने रोगी अकाल मौत का ग्रास बन चुके है लेकिन



लोकलाज के भय से परिजन अपने प्रियजन को खोने के बावजूद यह कहने में संकोच बरत रहे है कि उनके परिजन की मौत कैंसर की बीमारी से हुई है। आपसी बातचीत में पीड़ित परिवार यह जरूर मान रहा है कि उनके परिजन का कैंसर संबंधी इलाज अमुक अस्पताल में चल रहा था। सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व वार्ड-चार से पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव का कहना है कि ताज्जुब तो यह है कि सोहना में कैंसर का उपचार तो दूर कैंसर की चिकित्सा जांच भी सरकारी अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। मजबूरी में कैंसर पीड़ित रोगियों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र स्थित दिल्ली स्थित अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। लोग चिकित्सा जांच और रोग निदान के नाम पर अपना वक्त और पैसा खर्च कर दिल्ली आने-जाने और बाजार मार्किट से दवाएं खरीदकर जेब ढीली करने को मजबूर है। इस मामले में सरकारी अस्पताल के प्रभारी ने नो कैमेंटस कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया। वही कैंसर सुविधा की इलाज के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारे पास कैंसर के मरीजों का प्रमाणित आंकड़ा नहीं है और ना ही अस्पताल में कैंसर पीड़ितों के लिए कोई जांच सुविधा है। सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व वार्ड-चार से पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव का कहना है कि मौजूदा सरकार विकास कार्यों को बढ़ावा देने की बजाय पहली सरकार के छोड़े गए कार्यों को भी पूरा कराने में विफल साबित हो रही है। शिवनगरी सोहना के उपमंडलस्तरीय सरकारी अस्पताल के साथ-साथ विश्व भर में मेडिकल हब के तौर पर अपनी विशेष पहचान बनाने वाले गुरूग्राम के जिला अस्पताल तक में कैंसर रोग विशेषज्ञ डाक्टर ही उपलब्ध नही है। वर्ष-2016 में विभाग से कैंसर रोग विशेषज्ञ के स्वैच्छिक सेवानिवृति लेने के बाद अभी तक कोई दूसरा कैंसर रोग विशेषज्ञ नही लगाया है। ऐसे में कैंसर रोगियों को या तो निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है या एम्स की झज्जर शाखा में जाना पड़ रहा है जबकि देश में कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। कैंसर की नियमित जांच बहुत ही जरूरी है क्योकि कैंसर पूरी दुनिया में मौत का सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है।

दीवाली पर लोगों ने मिठाई लेने-देने से रखा परहेज- ड्राई फ्रूट व फलों का हुआ जमकर आदान-प्रदान

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। शिवनगरी सोहना में इस बार दीपावली पर्व पर मिठाईयों की बिक्री कम होने से मिठाई विक्रेता खासे मायूस दिखाई पड़े। बता दें कि देश व प्रदेश में जगह-जगह विभिन्न स्थानों पर बड़े पैमाने पर नकली खोवा, सिंथेटिक व सप्रेटा युक्त दूध, पनीर, नकली देशी घी व अत्यंत घटिया दर्जे का मिलावट युक्त खोया खाद्य पदार्थों में मिलावट और हानिकारक रंगों को डालकर कई-कई दिन पूर्व तैयार की गई बासी मिठाईयों को मुख्यमंत्री उडऩदस्ता की टीम और खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जगह-जगह जब्त कर गढढा खोदकर दबवाने की खबरें सुर्खियां बनने पर लोगों ने जागरूकता दिखाई। इसी कारण लोगों ने इस बार मिठाई की खरीद से दूरी बनाए रखी। दीपावली पर घटिया, बासी व हल्की क्वालिटी की मिठाईयों के डर से इस बार लोग एक-दूसरे को मिठाई के डिब्बों की बजाय सूखे मेवे, फलों की

टोकरी व ड्राईफ्रूट के डिब्बे एक-दूसरे को देते नजर आए। ऐसे में यहां पर सूखे मेवों और फलों के दामों में खासी बढ़ोतरी देखी गई। वही दीपावली पर तैयार की गई मिठाईयों की बिक्री में जबरदस्त गिरावट के चलते कई मिठाई विक्रेताओं की दुकानों पर रंग-बिरंगे रंगों को डालकर सजाई गई आकर्षक मिठाईयां धरी की धरी रह गई। मिठाईयों की अपनी उम्मीद के अनुसार बिक्री ना होते देख मिठाई विके्रता भी मायूस नजर आए। लोगों का कहना रहा कि इस बार बाली स्वीटस की मिठाईयां खरीदने के लिए इस दुकान पर खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। उनके गोदाम से जितनी भी जो भी मिठाई बनकर तैयार हो दुकान पर आ रही है, एडवांस बुकिंग के चलते वह हाथोंहाथ बिक रही है।

सोहना शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में घटिया मिठाईयों व सप्रेटा युक्त व सिंथेटिक नकली दूध की हो रही बिक्री के बावजूद स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग प्रशासन के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा विभाग और मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की टीमें इस बार सोहना-भौंड़सी-बादशाहपुर समेत समूचे जिले में मिलावटी वस्तुओं के सैंपल भरने के लिए इतने जबरदस्त तरीके से सक्रिय नजर आई कि हलवाईयों, मावा, खोया, पनीर, देशी घी बेचने वालों के साथ-साथ दूध डेयरी संचालकों व किरयाणा व्यापारियों में हडक़म्प मचा रहा और जैसे ही सैम्पल भरने वाली टीम बाजार में आती, वैसे ही कारोबारी धड़ाधड़ शटर डालकर दुकानों को ताला लगा भाग खड़े होते। गौरतलब हो कि यहां पर मिलावटखोरों की जेब भरो नीति के चलते सोहना में वस्तु पर प्रिन्ट वजन से कम वजन होना, खाली डिब्बे अथवा पॉलीथीन आदि का वजन भी सामान के साथ ही तोलना, नकली देशी घी, मिलावटी खाद्य तेलों तथा पिसे मसालों में मिलावट के चलते जहां मनुष्य के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है, वही उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण होना भी आम बात हो गई है। चांदी के खनकते सिक्कों की चकाचौंध के आगे सरेआम उपभोक्ताओं के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है।



झुग्गी-झोपडिय़ों में रह रहे परिवारों में वितरित किए दीए, तेल और बाती : डाक्टर रामवीर गोस्वामी



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा गुरूग्राम चिकित्सा प्रकोष्ठ में जिला संयोजक और सोहना मार्किटकमेटी मैंबर व संजीवनी अस्पताल निर्देशक डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने रोशनी के त्यौहार दीवाली के उपलक्ष्य में यहां पर शनिवार को विभिन्न झुग्गी-झोपडिय़ों में जाकर वहां रह रहे परिवारों के बीच मिठाई के साथ-साथ मिटटी के दीए और उनके साथ रूई की बनाई गई बाती तथा दीयों में डालने के लिए सरसो का तेल शीशी में बांटकर दीवाली की खुशियों को एक-दूसरे से सांझा किया। इस मौके पर उन्होने वोकल फोर लोकल का संदेश देते हुए दीए वितरित करते वक्त मौजूदजनों को मिठाई भी खिलाई। इस मौके पर बोलते हुए भाजपा नेता और संजीवनी अस्पताल निर्देशक डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है कि मिटटी से बनी चीजों का इस्तेमाल किया जाए। मिटटी के दीए जलाना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। यह हमारे आसपास के उन लोगों के घरों की दीवाली को भी जगमग करता है, जो इन दीयों का निर्माण कर अपने परिवारों की गुजर-बसर कर रहे है। उन्होने लोगों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को साकार करने के लिए ऑनलाइन सामान खरीदने की बजाय अपने पास के ही दुकानदारों से सामान खरीदे ताकि उनकी रोजीरोटी प्रभावित ना हो और स्वदेशी को बढ़ावा मिले।

अहीर समाज के स्वाभिमान से खिलवाड़ नही होगा बर्दाश्त : पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और स्थानीय नगरपरिषद में वार्ड-4 से पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने अहीर समाज के प्रति प्रोफेसर संगीत रागी की कथित अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि अहीर समाज को कमजोर समझने की भूल ना करे। उन्होने कहा कि जिस यादव-अहीर समाज ने रेजांगला की धरती पर अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान का इतिहास रचा है, उसे गंवार कहना बेहद शर्मनाक है। गांव बालूदा में फार्महाउस पर आयोजित अहीर-यादव समाज की बैठक में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव यादव ने कहा कि अहीर समाज का गौरवशाली इतिहास किसी के प्रमाणपत्र का मोहताज नही है। जातिगत अहंकार और भेदभाव की मानसिकता अब नहीं चलेगी। समाज का सम्मान सर्वोपरि है और स्वाभिमान से कोई समझौता नही होगा। उन्होने धीरेंद्र शास्त्री की कथित आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणियों पर भी कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के प्रतीक हैं। धार्मिक मंचों से मर्यादाहीन बयानबाजी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। सामाजिक सम्मान, धार्मिक मर्यादा और समानता के अधिकार की रक्षा के लिए आवाज उठाना जरूरी है। अपमान के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।

व्यापारी नेता मनोज बजरंगी ने दुकान-दुकान पहुंचकर दी दीवाली की मुबारकबाद

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): स्थानीय व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने शनिवार को समर्थकों के साथ बाजार में आकर व्यापारी समुदाय को दुकान-दुकान पहुंच कर दीवाली के साथ-साथ श्री गौवर्धन पूजा, श्री विश्वकर्मा जयंती, भैयादूज की बधाई दी। किसी दुकानदार से मिठाई खाई तो किसी दुकानदार को मिठाई खिलाई। दुकानदारों ने जातपात व पार्टीबाजी जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर स्थानीय व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी का कही फूलमालाएं पहनाकर तो कही सौंफ, मिश्री खिलाकर स्वागत किया। दीवाली के त्यौहार पर अपने बीच पहुंचे स्थानीय व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी का स्थानीय लोगों विशेषकर व्यापारी समुदाय ने अपने-अपने तरीके से जोरदार स्वागत किया। उन्हे कही फूलों की मालाएं डाली गई तो कही मिठाइयां खिलाई गई। पदयात्रा के दौरान स्थानीय व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने कहा कि दीवाली खुशियों का त्यौहार है। हमें प्रदूषण पर काबू पाने के लिए पटाखा मुक्त दीवाली, देशी घी के दीपक जलाकर मनानी चाहिए। पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण में आगे आना चाहिए। बाजार में व्यापारियों से जनसंपर्क के दौरान विभिन्न व्यापारिक ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारियों के साथ-साथ पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष हरीश नंदा राजू, भाजपा नेता व नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला, अग्रवाल वैश्य समाज के वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू और कई नगरपार्षद भी बजरंगी के साथ मौजूद रहे।

पर्यावरण को शुद्ध बनाने में सभी अपनी जिम्मेदारी समझे : डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शहर में दमदमा चौक के समीप स्थित एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को दीवाली के उपलक्ष्य में अस्पताल में उपचार के लिए आए रोगियों व उनके तीमारदारों के बीच विभिन्न किस्मों के पौधे निशुल्क रूप में भेंट किए और लोगों से आग्रह किया कि वह प्रदूषण पर रोक लगाने व शुद्ध पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करे। उन्होने कहा कि दीवाली का दिन प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए सबसे अच्छा दिन है। साथ ही उन्होने लोगों से आहवान किया कि वह जन्मदिन या किसी की स्मृति या त्यौहारों पर एक-दूसरे को उपहार में पौधा भेंट करे ताकि पौधारोपण को बढ़ावा मिले।

संजीवनी अस्पताल में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शनिवार को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में शहर में दमदमा चौक के समीप स्थित संजीवनी अस्पताल व ट्रामासेंटर प्रांगण में कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संजीवनी अस्पताल व ट्रामासेंटर निर्देशक और सोहना मार्किटकमेटी मैंबर व भाजपा गुरूग्राम महानगर में चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने इस मौके पर उपस्थितों के साथ-साथ आम जनमानस को कैंसर रोग के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि कैंसर रोग शरीर में कही भी और किसी भी उम्र में हो सकता है। ज्यादातर यह रोग गले, फेफड़े, मुंह, महिला के स्तनों व बच्चादानी में होता है। अगर समय से रोग का निदान कर लिया जाए तो इसका उपचार संभव है। उन्होने कहा कि कुछ समय पूर्व तक कैंसर को असाध्य रोग माना जाता था। अब इसका ना केवल इलाज संभव है बल्कि अनेकों कैंसर पीड़ित रोगियों ने इस रोग से लड़ते हुए उस पर जीत भी हासिल कर अन्य कैंसर पीड़ित रोगियों के लिए मिसाल कायम कर जीवन जीने की उमंग जगाई है। संजीवनी अस्पताल व ट्रामासेंटर निर्देशक और सोहना मार्किटकमेटी मैंबर व भाजपा गुरूग्राम महानगर में चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने हार्ट और कैंसर से बचाव के लिए प्रत्येक मनुष्य को अपने लाइफ स्टाइल में बदलाव ला प्रतिदिन नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करने, अपने वजन पर संतुलन रखने, वसायुक्त भोजन से परहेज करने, ताजी हरी सब्जियों, फलों का सेवन करने, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब, मदिरापान, प्रदूषण, दूषित, बासे खाद्य पदार्थों से दूर रहने जैसे परामर्श देते हुए कहा कि आज की भागदौड़ और आपाधापी युक्त तनाव भरी दिनचर्या को अनुशासित रखने, शाकाहारी भोजन के साथ यदि प्राकृतिक खान-पान को अपनाया जाए तो कैंसर से काफी हद तक बचाव संभव है। संजीवनी अस्पताल व ट्रामासेंटर निर्देशक और सोहना मार्किटकमेटी मैंबर व भाजपा गुरूग्राम महानगर में चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि व्यक्ति को लंबी आयु जीने व निरोगी रहने के लिए फास्ट फूड़ व शराब से दूर रह खानपान में फल व हरी सब्जियों का भरपूर प्रयोग करना चाहिए। शराब व मांस के सेवन से परहेज करना चाहिए। समय-समय पर चिकित्सकों से अपनी शारीरिक जांच करवाते रहे।

भाजपा नेता समयपाल भड़ाना और चौधरी सहीराम तंवर ने विधायक के साथ मनाई दीवाली



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा में जिलाउपाध्यक्ष और सराय ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच चौधरी समयपाल भड़ाना व भाजपा नेता चौधरी सहीराम तंवर की अगुवाई में सर्व समाज के सैकड़ों लोगों ने शनिवार को सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर को मिलकर उन्हे दीवाली के त्यौहार की बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी और इस बात पर खुशी जताई कि केन्द्र व प्रदेश सरकार आए दिन जनहितकारी निर्णय लेकर लोगों का दिल जीतने का काम कर रही है। सत्ता हाथ ना आते देख कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के नेता बौखलाहट में आकर भाजपा-एनडीए सरकार के उजूल-फिजूल बयानबाजी कर रहे है।

8 नवंबर को सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक ही चला सकेंगे ग्रीन पटाखे : व्यापारी नेता मनोज बजरंगी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों, आपसी भाईचारे और सकारात्मकता का पर्व है। सभी नागरिक इस त्यौहार को आपसी सदभाव और उत्साह के साथ मनाए तथा पर्यावरण संरक्षण और दूसरों की सुविधा का ध्यान रखते हुए सुरक्षित एवं प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का संकल्प ले। सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध में अस्थायी छूट देते हुए केवल सीएसआईआर-नीरी से प्रमाणित ग्रीन पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल की अनुमति दी गई है। नागरिक दीपावली के अवसर पर 8 नवंबर को सुबह 6 से 7 बजे तथा रात 8 से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखे जला सकेंगे। इसके बाद 9 नवंबर से जिले में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध पुन: लागू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय और नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला एवं खंड स्तर पर निगरानी टीमें गठित की गई हैं। अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों तथा अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में पटाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यही प्रतिबंध शिक्षण संस्थानों के आसपास भी लागू होगा। इन निर्देशों का उद्देश्य बीमारियों से पीड़ित लोगों, बुजुर्गों, बच्चों और अन्य संवेदनशील नागरिकों को ध्वनि एवं वायु प्रदूषण से होने वाली परेशानी से बचाना है। सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने कहा कि 9 नवंबर से जिले में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध पुन: लागू हो जाएगा। साथ ही पटाखों के निर्माण, भंडारण और इस्तेमाल पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के पटाखे जब्त किए जाएंगे, लाइसेंस रदद किए जा सकते हैं तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

नेहरू के सपने को साकार बना रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी : चेयरमैन सुभाष बंसल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने शनिवार को केन्द्रीयमंत्री राव इंद्रजीत सिंह, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश सरकार में राजस्व व निकायमंत्री विपुल गोयल, भाजपा की प्रदेशाध्यक्षा डाक्टर अर्चना गुप्ता, भाजपा में प्रदेशउपाध्यक्ष और पूर्व विधायक दीपक मंगला से शिष्टाचार भेट की और उपरोक्त नेताओं को दीवाली, श्री गौवर्धन पूजा, श्री विश्वकर्मा जयंती, भाईदूज, गंगास्नान, गुरू नानक देव प्रकाश आदि पर्वों की बधाई दी और बुक्के देते हुए मिठाई खिलाई। साथ ही अपने पुत्र रत्न के वैवाहिक समारोह में सपरिवार शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। इस मौके पर चेयरमैन सुभाष बंसल ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जिस तरह के विकसित और मजबूत भारत का सपना देखा था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैसा ही भारत बनाकर नेहरू के सपने को साकार बनाना चाह रहे है। उन्होने बताया कि पंजाब, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर व गोवा में आगामी होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा एनडीए के पक्ष में चल रही जबरदस्त लहर मतदान वाले दिन भाजपा के पक्ष में आंधी बनकर उभरेगी और उपरोक्त राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतगणना वाले दिन भाजपा का परचम लहरेगा।

दीपावली पर सोहना के बाजार में छाए सोने-चांदी के गिफ्ट आइटम

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। इस बार यहां दीपावली के त्यौहार पर अपने संगे-संबंधियों को उपहार देने के लिए बाजार में सोने-चांदी के गिफ्ट आइटमों की भरमार रही। एक से एक नए और आकर्षक डिजाइन में बने ये गिफ्ट आइटम लोगों को बरबस ही अपनी तरफ आकर्षित कर रहे है। जानकारों का कहना है कि चांदी के दाम इस बार महंगे होने और जबरदस्त उछाल आने के बावजूद लोगों में चांदी-सोना खरीदने के लिए उत्साह नजर आ रहा है। वैसे भी बाजार में इस बार इन गिफ्ट आइटमों का वजन काफी कम रखा गया है ताकि ये गिफ्ट लोगों की जेब पर अधिक बोझ ना डाले और अपने बजट के अनुसार कोई भी व्यक्ति गिफ्ट खरीद सके। गांव लोहटकी में रहने वाले युवा समाजसेवी डाक्टर रतनपाल खटाना, मारूतिकुंज में रहने वाले भाजपा नेता महेश यादव, राहुल यादव, डाक्टर रामबीर गोस्वामी, जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर, श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा, दीपक डागर अलीपुरिया आदि ने बताया कि दीपावली के शुभ मौके पर अपने सगे-संबंधियों, चहेतों को मिठाई देने की परम्परा प्राचीनकाल से चली आ रही है। पहले मिठाइयों का आदान-प्रदान कर इस परम्परा को निभाया जाता था मगर अब आधुनिकता के चलते मिठाई के साथ-साथ उपहार देने की परम्परा भी आरंभ हो गई है। प्रत्येक व्यक्ति अपने परिचित और चहेतों को ऐसा उपहार भेंट करना चाहता है, जिसे घर में सजाया जा सके अथवा वह उसे पूरा साल याद रहे। ऐसे में सोना-चांदी सामान बेचने वाले ज्वैलर भी पीछे नही है। यहां पर ज्वलैर्सों ने लोगों को लुभाने के लिए अपनी-अपनी दुकानों पर देवी-देवताओं की सोने-चांदी की प्रतिमाएं, चांदी की हटरी, सोने की लक्ष्मी माता, चांदी के बर्तन, चांदी के प्राचीनकाल के सिक्के, चांदी के गिलास, चम्मच, कटोरी आदि समेत चांदी से बनाए गए विभिन्न प्रकार के सामान सजाए हुए है। ज्वैलर्स संजीव गुप्ता सर्राफ, जयप्रकाश गुप्ता, हन्नी सिंगला, दीपक वर्मा, प्रीतम जैन का कहना है कि सोने व चांदी के दाम ऊंचे चढऩे के बावजूद इस बार गिफ्ट आइटमों की बाजार में बहार आई हुई है। दीवाली के उपलक्ष्य में लोग जमकर सोने-चांदी के गिफ्ट आइटमों की खरीद कर रहे है। उनका कहना है कि इस बार चांदी के बर्तन कम वजन के आए है। पहले चांदी का गिलास करीब 100 से 150 ग्राम वजन भार का होता था, जो अब घटकर 30 से 60 ग्राम तक में उपलब्ध है। स्वर्णकार संजीव गुप्ता सर्राफ व पंकज गुप्ता सर्राफ का कहना है कि चांदी से निर्मित गिफ्ट आइटमों की भारी डिमांड के चलते इस बार काफी तरह की वैराइटी किफायती रेंज में उपलब्ध होने के कारण चांदी वाली गिफ्ट आइटम खरीदने के लिए ग्राहक ज्यादा आ रहे है।

विभिन्न नेताओं ने जनता को दी दीपों के त्यौहार दीपावली की बधाई

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर, हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा, इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष व पूर्व जिलापार्षद रोहताश खटाना लोहटकी, एनएस आरकस के एमडी सुरजीत अरोड़ा, सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया, लैबनर्म पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन पंडित अनिल कौशिक, भाजपा के वरिष्ठ नेता व श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन, सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप, भाजपा नेता व नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व संजीवनी अस्पताल निर्देशक डाक्टर रामवीर गोस्वामी, कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू, गुर्जर महापंचायत के संयोजक बाबू हेमराम खटाना रिठौजिया, डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया, युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा, स्थानीय रंगमंच संस्था श्री शानदार रामलीला क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष सतेन्द्र गर्ग बंटी, सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज चेयरमैन नरेन्द्र बोकन, एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन समिति निर्देशक नरेन्द्र यादव, ओम स्वीटस ग्रुप के चेयरमैन ओपी कथूरिया, एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा, श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े व बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर, रोटरी क्लब सोहना सेंट्रल चेयरपर्सन रोटेरियन मनिका जैन, किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान सेठ रविन्द्र गोयल रब्बन, श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा, गुर्जर समाज सेवा समिति के प्रधान कामरेड प्रताप खटाना रिठौजिया, शिव पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन मुकेश बंसल, पूर्व नगरपार्षद रोहताश जैन, मार्किटकमेटी उपचेयरमैन अशोक बंसल, युवा भाजपा नेता व सांस्कृतिक मंच मानव संसाधन के उपाध्यक्ष दीपक गर्ग होंडा, भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाउपाध्यक्ष चौधरी जगदीश अंबावता बैरमपुर, पंडित भगवतदयाल शर्मा, युवा जजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर, युवा कांग्रेस नेता मनोज बंधवाड़ी, नगरपार्षद नीरज सिंगला, युवा पंजाबी नेता जितिन चावला, शिक्षाविद कपिल लोहिया, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन मुकेश सैनी, किरयाणा व्यापारी यूनियन के पूर्व प्रधान जितेन्द्र मित्तल सोनू, आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना, भाजपा नेता व ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर महेन्द्र यादव, जजपा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया, भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी राघव खेड़लिया, पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा, भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह, कांग्रेस नेता कुलदीप गुर्जर रामगढ़, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर तथा भाजपा नेता चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, भारत रक्षा मंच के प्रांतमंत्री रामकिशन राघव भौंड़सिया, भाजपा नेता व फिरोजपुरझिरका नगरपालिका चेयरमैन मनीष जैन, भाजपा नेता व नगरपार्षद तथा सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन गौरव जैन, सोहना श्री अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान व अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल, सोहना प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान चौधरी मामराज डागर, वरदान अस्पताल एवं ट्रामासेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव आदि प्रमुखजनों समेत क्षेत्र के जागरूक लोगों और जनप्रतिनिधियों ने समस्त राज्यवासियों को दीपों के त्यौहार दीवाली के साथ ही गौवर्धन पूजा, विश्वकर्मा जयंती, भैयादूज, छठपूजा, गुरू नानकदेव प्रकाशोत्सव आदि पर्वों की हार्दिक बधाई दी है। उन्होने अपने बधाई संदेश में कहा कि दीवाली का त्यौहार मनुष्य में त्याग की भावना जागृत कर आपसी सदभाव, भाईचारे, प्रेम-प्यार, सौहार्द को बढ़ावा देता है। केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह तथा चौधरी कृष्णपाल गुर्जर, लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, प्रदेश सरकार में उद्योगमंत्री राव नरबीर सिंह, खाद्य आपूर्तिमंत्री राजेश नागर, खेलमंत्री गौरव गौतम पलवलिया, पूर्वमंत्री प्रोफेसर सुभाष कत्याल ने भी जनता को दीवाली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि दीपावली सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली, तरक्की तथा सभी के लिए प्रेम व भाईचारे का पैगाम लाए।

वही हरियाणा विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत तथा चौधरी आजाद मोहम्मद, बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव तथा भगवान श्री परशुराम सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण शर्मा एडवोकेट ने भी राज्यवासियों को दीपावली, विश्वकर्मा जयंती, गौवर्धन पूजा, भैयादूज, श्री गुरू नानक देव प्रकाशोत्सव आदि पर्वों की बधाई दी है।

चाइनीज लडिय़ों की बजाय देशी घी के दीए जलाकर मनाए दीवाली : कांग्रेस नेता महेश घोडारोप

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने क्षेत्र के लोगों से दीपावली के त्यौहार को सात्विक एवं पारम्परिक ढंग से मनाए जाने का आहवान किया है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने क्षेत्रवासियों को दीपावली, श्री गौवर्धन पूजा, श्री विश्वकर्मा जयंती, भैयादूज व छठ पूजा की बधाई देते हुए कहा कि दीपावली भारत में हिंदुओं द्वारा मनाया जाने वाला सबसे बड़ा त्यौहार है। दीपों का पर्व होने के कारण इसे दीपावली का नाम दिया गया है। हिंदू मान्यताओं में प्रचलित है कि कार्तिक अमावस्या को प्रभु श्रीराम जी 14 वर्ष का वनवास काटकर और आसुरी वृतियों के प्रतीक रावण का संहार करके अयोध्या लौटे थे। उसी खुशी में देशी घी के दीए जलाकर खुशियां मनाई गई। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने कहा कि हमें दीवाली पर चाइनीज लडिय़ों को लगाने की बजाय इस पवित्र त्यौहार को प्रात: समय वैदिक रीति से हवन करके और देशी घी व सरसो के तेल के दीए जलाकर मनाना चाहिए। इससे रोग नष्ट होते है। उत्तम स्वास्थ्य और अच्छे संस्कारों का निर्माण होता है। देशी घी व तेल के दीए जलाने से पर्यावरण शुद्ध और प्रदूषण पर रोक लगती है जबकि पटाखे फोडऩे, मोमबत्तियां जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है।

दीवाली पर मिटटी के दीए बांटकर दिया वोकल फोर लोकल का संदेश : सुरजीत अरोड़ा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता




सोहना। यहां पर सामाजिक संस्था लायंसक्लब के पूर्व प्रधान लायन सुरजीत अरोड़ा ने रोशनी के त्यौहार दीवाली के उपलक्ष्य में यहां पर शनिवार को मिटटी के दीए और उनके साथ रूई की बनाई गई बाती तथा दीयों में डालने के लिए सरसो का तेल शीशी में बांटकर दीवाली की खुशियों को एक-दूसरे से सांझा किया। इस मौके पर उन्होने वोकल फोर लोकल का संदेश देते हुए दीए वितरित करते वक्त मौजूदजनों को मिठाई भी खिलाई। इस मौके पर बोलते हुए लायन सुरजीत अरोड़ा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है कि मिटटी से बनी चीजों का इस्तेमाल किया जाए। मिटटी के दीए जलाना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। यह हमारे आसपास के उन लोगों के घरों की दीवाली को भी जगमग करता है, जो इन दीयों का निर्माण कर अपने परिवारों की गुजर-बसर कर रहे है। उन्होने लोगों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को साकार करने के लिए ऑनलाइन सामान खरीदने की बजाय अपने पास के ही दुकानदारों से सामान खरीदे ताकि उनकी रोजीरोटी प्रभावित ना हो और स्वदेशी को बढ़ावा मिले। इससे पूर्व लायन सुरजीत अरोड़ा स्थानीय विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर से मिले और उन्हे दीपावली, श्री गौवर्धन पूजा, श्री विश्वकर्मा जयंती, भैयादूज व छठ पूजा की बधाई देकर मिठाई खाते-खिलाते हुए अपनी खुशियों को विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर के साथ सांझा किया।


॥ सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि हैं ॥
कैलाश हॉस्पिटल
पंडित दीनानाथ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित
CARE | COMPASSION | COMMUNITY
आप सभी को
प्रकाश, समृद्धि, स्वास्थ्य और
सुख-शांति के महापर्व
दीपावली
की
हार्दिक
शुभकामनाएँ
डॉ. मनीष कुमार पांडेय
निर्देशक (Director)
डॉ. मधु बाला पांडेय
प्रबंध निदेशक
(Managing Director)
OPD IPD OT Lab X-ray Pharmacy TPA Panel Cashless Treatment
कैलाश हॉस्पिटल
बालाजी कॉलोनी, निकट अनाज मंडी,
फ़र्रुखनगर, गुरुग्राम (हरियाणा)
संपर्क करें :
9812200861


G.D Group of Schools
Gurugram
की तरफ से आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
गोवर्धन, भईया दूज
की
हार्दिक शुभकामनाएं
दीपावली का यह पावन पर्व
आपके जीवन में सुख, समृद्धि,
शांति और खुशियों का प्रकाश
लेकर आए।
Chairman
J.P. Yadav


आप सभी को
दीपावली, गोवर्धन पूजा
एवं
भईया दूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मनीष सैदपुर
जिला महामंत्री
भाजपा, गुरुग्राम
प्रधान नगर निगम कांट्रेक्टर एसोसिएशन गुरुग्राम


SHRI KRISHNA FUELS
इंडियनऑयल
IndianOil
M. : 9711000892
KRISHNA PETORMART
Dealer : Indian Oil Corporation Limited
आप सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं।
माँ लक्ष्मी की कृपा आप और आपके परिवार पर सदा बनी रहे।
Rao Ajit Singh (Chandu)


ऑल इंडिया यादव महासभा, हरियाणा
की ओर से आप सभी देशवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ0 सतीश यादव
चैयरमैन


समस्त तहसील स्टाफ
फर्रुखनगर, गुरुग्राम, हरियाणा
की तरफ से
सत्यमेव जयते
राव सज्जन कुमार बिछ्वालिया
तहसीलदार
विनय मुदगिल
नायब तहसीलदार
आप सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली पर्व,
गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
दीपावली का यह पावन पर्व आपके जीवन में
सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली लेकर आए।


जय महाबल धाम
श्री संकट मोचन ट्रस्ट
की तरफ से आप
सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली,
गोवर्धन व
भैयादूज पर्व
स्वामी प्रदीप जी महाराज
जय महाबल धाम आश्रम
सुलतानपुर कालियावास
की
हार्दिक शुभकामनाएं!


समस्त हरियाणा
प्रदेशवासियों को
दीपावली,
गोवर्धन पूजा एवं
भैया दूज
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं!
डॉ. पंकज बेनीवाल
प्रदेश प्रवक्ता भाजपा हरियाणा
सदस्य हिन्दी सलाहकार समिति रक्षा मंत्रालय भारत सरकार
Director HCI Hospital


आप सभी प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं ।
इंडियनऑयल
IndianOil
Indane
शहीद श्याम सिंह इण्डेन गैस एजेंसी
फर्रुखनगर गुरुग्राम हरियाणा
आप सभी को एवं आपके परिवार को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं ।
माँ लक्ष्मी की कृपा आप और आपके परिवार
पर सदैव बनी रहे ।
अक्षय : 8373920187


दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुधीर कुमार यादव
अध्यक्ष पंचायत समिति फर्रूखनगर


SURAJ EDUCATION
SURAJ
EDUCATION GROUP
Group of Schools & Colleges
HAPPY
Diwali
2026
Branches in Gugrugram
SURAJ SCHOOL
GURUGRAM ROAD, PATAUDI
Tel : 8814008822, 8607335533
SURAJ SCHOOL
SPR ROAD, SECTOR 75, GURUGRAM
Tel : 8222999803, 8222999804
SURAJ SCHOOL
SECTOR-56, GURUGRAM
Tel : 8745912222, 8745913333
SURAJ SCHOOL
SECTOR-1 - MANESAR
Tel : 9992555966, 9992555967
SURAJ SCHOOL
SECTOR-52, GURUGRAM
Tel : 9992555961, 9992555962
SURAJ
PG DEGREE COLLEGE
SECTOR -75, GURUGRAM


धनखड़ सी. सै. स्कूल
फर्रुखनगर, जिला गुरुग्राम (हरियाणा)
के समस्त स्टाफ की ओर से
आप सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली, गोवर्धन व भैयादूज पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं!
दीपांशु धनखड़
चौ. धर्मबीर सिंह धनखड़
(चेयरमैन)

दीवाली पर राहगीरों के बीच निशुल्क रूप में भेट किए पौधे : समाजसेवी तथा पर्यावरणप्रेमी दिनेश शर्मा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा ने ग्रेप का तीसरा चरण लागू होने के बावजूद तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने और लोगों को शुद्ध पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को दीवाली के उपलक्ष्य में शिवनगरी सोहना शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण को बढ़ावा देने और आम जनमानस को पौधारोपण के प्रति जागरूक बनाने के लिए एक नई पहल की शुरूआत करते हुए आते-जाते राहगीरों के बीच विभिन्न किस्मों के पौधे निशुल्क रूप में भेंट किए और लोगों से आग्रह किया कि वह प्रदूषण पर रोक लगाने व शुद्ध पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करे। उन्होने कहा कि दीवाली का दिन प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए सबसे अच्छा दिन है। साथ ही भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा तथा महिला समाजसेविका श्रीमती अंजलि शर्मा ने लोगों से आहवान किया कि वह जन्मदिन या किसी की स्मृति या त्यौहारों पर एक-दूसरे को उपहार में पौधा भेंट करे ताकि पौधारोपण को बढ़ावा मिले। इस मौके पर सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, युवा समाजसेवी बलराम सहजावास, भाजपा नेता सतेन्द्र राघव, ब्राहाण सभा के प्रधान हरीश शर्मा बोबी, नगरपार्षद वेदकला शर्मा, युवा समाजसेवी मोनू ओमबीर नंबरदार अभयपुरिया, पंडित लखमी चंद शर्मा आदि प्रमुख लोग भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

दीवाली पर मिटटी के दीए बांटकर दिया लोकल फोर वोकल का संदेश : भाजपा नेता राकेश जैन



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता राकेश जैन झिरकिया ने रोशनी के त्यौहार दीवाली के उपलक्ष्य में यहां पर शनिवार को मिटटी के दीए और उनके साथ रूई की बनाई गई बाती तथा दीयों में डालने के लिए सरसो का तेल शीशी में बांटकर दीवाली की खुशियों को एक-दूसरे से सांझा किया। इस मौके पर उन्होने लोकल फोर वोकल का संदेश देते हुए दीए वितरित करते वक्त मौजूदजनों को मिठाई भी खिलाई। इस मौके पर बोलते हुए भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है कि मिटटी से बनी चीजों का इस्तेमाल किया जाए। मिटटी के दीए जलाना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। यह हमारे आसपास के उन लोगों के घरों की दीवाली को भी जगमग करता है, जो इन दीयों का निर्माण कर अपने परिवारों की गुजर-बसर कर रहे है। भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने लोगों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को साकार करने के लिए ऑनलाइन सामान खरीदने की बजाय अपने पास के ही दुकानदारों से सामान खरीदे ताकि उनकी रोजीरोटी प्रभावित ना हो और स्वदेशी को बढ़ावा मिले।

अग्रवाल समाज ने शहीदों के नाम पर जलाए दीए-शहादत को किया नमन : अनिल गोयल

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व महासचिव और अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू की अगुवाई में अग्रवाल समाज के लोगों ने शहर में शनिवार को शहीदों की शहादत को नमन करते हुए 'एक दीया-शहीदों के नाम' जलाकर उनकी शहादत को याद किया और अन्य लोगों से भी आग्रह किया कि वह भी शहीदों की याद में दीवाली पर कम से कम एक दीया जरूर अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर जलाए। इस मौके पर बोलते हुए अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने कहा कि वीर शहीदों और क्रांतिकारियों की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। शहीदों की शहादत को हमें नही भूलना चाहिए और शहीदों के परिवारों को भी अपने ही परिवार का अंग मानना चाहिए।

दीपावली पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर उजाले की विजय का प्रतीक : सतेन्द्र गर्ग बंटी



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर रंगमंच संस्था श्री शानदार रामलीला क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष सतेन्द्र गर्ग बंटी ने क्षेत्र के लोगों को दीपावली, श्री गौवर्धन पूजा, श्री विश्वकर्मा जयंती, भाईदूज, छठपूजा आदि पर्वों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकाश का यह पर्व खुशी एवं प्रसन्नता तथा बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर उजाले की विजय का प्रतीक है। उन्होंने आशा जताई है कि दीपावली का त्यौहार प्रदेशवासियों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आएगा। उन्होने शुभकामनाएं देते हुए सभी क्षेत्रवासियों से इको फ्रैंडली तरीके से दीपावली मनाने का आहवान किया है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाएं, परम्परागत भारतीय सामान से घर-द्वार सजाएं एवं पर्यावरण का ध्यान रखते हुए ग्रीन पटाखों को जलाए ताकि पर्यावरण व पक्षी सुरक्षित रहे। मानव एवं पर्यावरण के बीच हमेशा एक अटूट संबंध रहा है। पर्यावरण के साथ-साथ यह संबंध जीवन मूल्यों पर आधारित रहा है लेकिन आज के वर्तमान परिपेक्ष्य में जिस तरीके से वायुमंडल में प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है, इसके मददेनजर अपने पर्यावरण को अपनी भावी पीढियों के लिए सुरक्षित रखें, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पटाखे कई प्रकार से पर्यावरण व हमारे स्वास्थ्य के लिए घातक है।

दीवाली पर मिटटी के दीए बांटकर दिया वोकल फोर लोकल का संदेश : डाक्टर रतनपाल खटाना

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना ने रोशनी के त्यौहार दीवाली के उपलक्ष्य में यहां पर शनिवार को मिटटी के दीए और उनके साथ रूई की बनाई गई बाती तथा दीयों में डालने के लिए सरसो का तेल शीशी में बांटकर दीवाली की खुशियों को एक-दूसरे से सांझा किया। इस मौके पर उन्होने वोकल फोर लोकल का संदेश देते हुए दीए वितरित करते वक्त मौजूदजनों को मिठाई भी खिलाई। इस मौके पर बोलते हुए उद्योगपति डाक्टर रतनपाल खटाना ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है कि मिटटी से बनी चीजों का इस्तेमाल किया जाए। मिटटी के दीए जलाना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। यह हमारे आसपास के उन लोगों के घरों की दीवाली को भी जगमग करता है, जो इन दीयों का निर्माण कर अपने परिवारों की गुजर-बसर कर रहे है। उन्होने लोगों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को साकार करने के लिए ऑनलाइन सामान खरीदने की बजाय अपने पास के ही दुकानदारों से सामान खरीदे ताकि उनकी रोजीरोटी प्रभावित ना हो और स्वदेशी को बढ़ावा मिले।

पर्यावरण को शुद्ध बनाने में सभी अपनी जिम्मेदारी समझे : डाक्टर प्रवीण यादव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शहर में खेलस्टेडियम के सामने स्थित वरदान अस्पताल एवं ट्रामासेंटर के निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को दीवाली के उपलक्ष्य में वरदान अस्पताल में उपचार के लिए आए रोगियों व उनके तीमारदारों के बीच विभिन्न किस्मों के पौधे निशुल्क रूप में भेंट किए और लोगों से आग्रह किया कि वह प्रदूषण पर रोक लगाने व शुद्ध पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करे। उन्होने कहा कि दीवाली का दिन प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए सबसे अच्छा दिन है। साथ ही उन्होने लोगों से आहवान किया कि वह जन्मदिन या किसी की स्मृति या त्यौहारों पर एक-दूसरे को उपहार में पौधा भेंट करे ताकि पौधारोपण को बढ़ावा मिले।

पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी ने विधायक चौधरी तेजपाल तंवर को दीवाली की दी बधाई-खिलाई मिठाई



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहनाढाणी गांव में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व नगरपार्षद और सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन मुकेश सैनी, भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाउपाध्यक्ष गौरव चुघ तथा सोहना श्री सैनी सभा के पूर्व प्रधान धर्मबीर सैनी की अगुवाई में सर्व समाज के सैकड़ों लोगों ने शनिवार को सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर को मिलकर उन्हे दीवाली के त्यौहार की बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी और इस बात पर खुशी जताई कि केन्द्र व प्रदेश सरकार आए दिन जनहितकारी निर्णय लेकर लोगों का दिल जीतने का काम कर रही है। सत्ता हाथ ना आते देख कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के नेता बौखलाहट में आकर भाजपा-एनडीए सरकार के उजूल-फिजूल बयानबाजी कर रहे है।

समाजसेवी राकेश जैन उर्फ रोकी ने विधायक चौधरी तेजपाल तंवर को दीवाली की दी बधाई



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी और रेडीमेड कपड़ों के कारोबारी राकेश जैन उर्फ रोकी जैन ने शनिवार को सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर को मिलकर उन्हे दीवाली के त्यौहार की बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी और इस बात पर खुशी जताई कि केन्द्र व प्रदेश सरकार आए दिन जनहितकारी निर्णय लेकर लोगों का दिल जीतने का काम कर रही है। सत्ता हाथ ना आते देख कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के नेता बौखलाहट में आकर भाजपा-एनडीए सरकार के उजूल-फिजूल बयानबाजी कर रहे है।

भाजपा जिलाप्रवक्ता नरेन्द्र अधाना ने विधायक चौधरी तेजपाल तंवर को दीवाली की दी बधाई-खिलाई मिठाई



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव सिरसका में रहने वाले भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना ने शनिवार को सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर को मिलकर उन्हे दीवाली के त्यौहार की बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी और इस बात पर खुशी जताई कि केन्द्र व प्रदेश सरकार आए दिन जनहितकारी निर्णय लेकर लोगों का दिल जीतने का काम कर रही है। सत्ता हाथ ना आते देख कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के नेता बौखलाहट में आकर भाजपा-एनडीए सरकार के उजूल-फिजूल बयानबाजी कर रहे है।

दीपावली का त्यौहार सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आए

दीपावली पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर उजाले की विजय का प्रतीक : भाजपा नेता योगी राघव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी राघव खेड़लिया ने क्षेत्र के लोगों को दीपावली, श्री गौवर्धन पूजा, श्री विश्वकर्मा जयंती, भाईदूज, छठपूजा आदि पर्वों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकाश का यह पर्व खुशी एवं प्रसन्नता तथा बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर उजाले की विजय का प्रतीक है। उन्होंने आशा जताई है कि दीपावली का त्यौहार प्रदेशवासियों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आएगा। भाजपा नेता योगी राघव खेड़लिया ने शुभकामनाएं देते हुए सभी क्षेत्रवासियों से इको फ्रैंडली तरीके से दीपावली मनाने का आहवान किया है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाएं, परम्परागत भारतीय सामान से घर-द्वार सजाएं एवं पर्यावरण का ध्यान रखते हुए ग्रीन पटाखों को जलाए ताकि पर्यावरण व पक्षी सुरक्षित रहे। मानव एवं पर्यावरण के बीच हमेशा एक अटूट संबंध रहा है। पर्यावरण के साथ-साथ यह संबंध जीवन मूल्यों पर आधारित रहा है लेकिन आज के वर्तमान परिपेक्ष्य में जिस तरीके से वायुमंडल में प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है, इसके मददेनजर अपने पर्यावरण को अपनी भावी पीढियों के लिए सुरक्षित रखें, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। दीपावली पर पटाखों का प्रयोग कम से कम करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पटाखे कई प्रकार से पर्यावरण व हमारे स्वास्थ्य के लिए घातक हैं। दीपावली पर पटाखों से वायु प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है।

पर्यावरण हित में दीपावली पर आतिशबाजी कम करे और दीप जलाकर रोशनी के इस पर्व को खुशी से मनाए।

नूंह जिला की अनाज मंडियों में पहुंचे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, बाजरा खरीद और मंडी व्यवस्थाओं का लिया जायजा

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री *श्याम सिंह राणा शनिवार को नूंह जिले की नूंह, तावडू, फिरोजपुर झिरका और पुनहाना* अनाज मंडियों में पहुंचे। उन्होंने मंडियों का दौरा कर फसल खरीद कार्यों और किसानों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने करीब एक घंटे तक मंडी प्रशासन, मार्केट कमेटी के चेयरमैन, स्थानीय आढ़तियों, व्यापारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर खरीद प्रक्रिया की समीक्षा की तथा उनकी समस्याएं सुनीं।

पुनहाना अनाज मंडी के दौरे के दौरान कृषि मंत्री ने किसानों और व्यापारियों की समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान पुनहाना अनाज मंडी के प्रधान व पुनहाना मार्केट कमेटी के सचिव *संजीव गर्ग सिकरईया* ने मंडी में पीने के पानी, वेयरहाउस, अनाज मंडी की चारदीवारी सहित अन्य समस्याओं को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पिंटू, अप्पू, संजय, देवेंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बैठक के दौरान बाजरा खरीद की स्थिति, किसानों को मिलने वाले भाव, मंडी में मूलभूत सुविधाओं और निर्माण कार्यों से संबंधित विभिन्न मांगें मंत्री के समक्ष रखी गईं। कृषि मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से खरीद प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली और समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर ही उच्च अधिकारियों को फोन कर आवश्यक निर्देश दिए।

बाजरे के भाव में अंतर की भरपाई करेगी सरकार

कृषि मंत्री ने कहा कि बाजरे की खरीद के दौरान किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मंडी में बाजरे के भाव में जो अंतर सामने आ रहा है, उसकी भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी, ताकि किसानों को उनकी फसल का उचित दाम मिल सके। उन्होंने कहा कि बाजरे की खरीद लगभग *2500 रुपये प्रति क्विंटल* के आसपास हो रही है और *2300 से 2500 रुपये के बीच भाव में जो अंतर रहेगा, उसे सरकार पूरा करेगी।*उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश के मंत्री और विधायक विभिन्न अनाज मंडियों का दौरा कर खरीद व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं, ताकि किसानों को फसल बेचने के दौरान पंजीकरण, पोर्टल, बारदाना अथवा अन्य किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर है और उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है।

मंडियों में विकास कार्यों की मांग: इस दौरान मंडी प्रशासन और आढ़तियों ने मंडी में टीन शेड निर्माण, मंडी कार्यालय के नवीनीकरण तथा मार्केट कमेटी के पुराने कार्यालय को ध्वस्त कर नया कार्यालय बनाने की मांग भी रखी। कृषि मंत्री ने इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए और कहा कि मंडी की जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

एचसीएस अधिकारी जितेन्द्र कुमार गर्ग ने विधायक चौधरी तेजपाल तंवर को दीवाली की दी बधाई



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना विधानसभा क्षेत्र के तावडू उपमंडल में कार्यरत वरिष्ठ एचसीएस अधिकारी और एसडीएम तावडू जितेन्द्र कुमार गर्ग ने शनिवार को सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर को मिलकर उन्हे दीवाली के त्यौहार की बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी और इस बात पर खुशी जताई कि केन्द्र व प्रदेश सरकार आए दिन जनहितकारी निर्णय लेकर लोगों का दिल जीतने का काम कर रही है।

व्यापारी नेता मनोज बजरंगी ने विधायक चौधरी तेजपाल तंवर को दीवाली की दी बधाई-खिलाई मिठाई



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी और हरियाणा ओलम्पिक संघ के पूर्व मैंबर व भाजपा किसान मोर्चा के जिलाउपाध्यक्ष, सोहना पंजाबी महासंघ व वार्ड-सोलह से मौजूदा नगरपार्षद हरीश नंदा राजू की अगुवाई में व्यापारियों के साथ-साथ सर्व समाज के सैकड़ों लोगों ने शनिवार को सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर को मिलकर उन्हे दीवाली के त्यौहार की बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी और इस बात पर खुशी जताई कि केन्द्र व प्रदेश सरकार आए दिन जनहितकारी निर्णय लेकर लोगों का दिल जीतने का काम कर रही है। सत्ता हाथ ना आते देख कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के नेता बौखलाहट में आकर भाजपा-एनडीए सरकार के उजूल-फिजूल बयानबाजी कर रहे है।

मार्किटकमेटी अकाउटेंट प्रदीप शर्मा ने विधायक चौधरी तेजपाल तंवर को दीवाली की दी बधाई





ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना मार्किटकमेटी कार्यालय में अकाउटेंट के पद पर कार्यरत और एक सजग व ईमानदार अधिकारी के रूप में अपनी पहचान रखने वाले प्रदीप शर्मा ने शनिवार को सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर को मिलकर उन्हे दीवाली के त्यौहार की बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी और इस बात पर खुशी जताई कि केन्द्र व प्रदेश सरकार आए दिन जनहितकारी निर्णय लेकर लोगों का दिल जीतने का काम कर रही है। सत्ता हाथ ना आते देख कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के नेता बौखलाहट में आकर भाजपा-एनडीए सरकार के उजूल-फिजूल बयानबाजी कर रहे है।


आप सभी को
दीपावली
गोवर्धन पूजा
भाई दूज
व विश्वकर्मा पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं
BJP
सुरेश यादव सिकंदरपुर
जिला कार्यकारिणी सदस्य
राव नरबीर सिंह
कैबिनेट मंत्री


आप सभी देशवासियों को
दीपावली
गोवर्धन पूजा
भाई दूज
व विश्वकर्मा पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं
रोटेरियन डा. मुकेश शर्मा
अध्यक्ष : रोटरी ब्लड बैंक, गुरुग्राम


आप सभी को
धनतेरस
एवं
दीपावली
के पावन पर्व की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
/pk4gurugram
पंकज डावर
जिला अध्यक्ष, गुरुग्राम शहरी


समस्त गुरुग्रामवासियों को
दीपावली
गोवर्धन पूजा
एवं
भाई दूज
के पावन पर्वों की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
वर्धन यादव
जिला अध्यक्ष गुरुग्राम ग्रामीण